तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 1 मार्च 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

5 तेज रफ्तार कार चालक ने दो बाइक को मारी टक्कर, तीन लोग गंभीर



## खबर संक्षेप

### होली के मद्देनजर स्थानीय परीक्षाओं में किया गया संशोधन

**अम्बिकापुर।** होली पर्व के मद्देनजर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के समस्त अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय विद्यालयों (बोर्ड-सीजी, सीबीएसई, आईसीएसई) के प्राचार्यों/प्रधान पाठकों को निर्देश जारी किया गया है कि दिनांक 3 मार्च एवं 5 मार्च को विद्यालय स्तर से आयोजित की जाने वाली स्थानीय परीक्षाएं आयोजित नहीं की जाएं। जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावक संघ द्वारा अवगत कराया गया था कि 4 मार्च को होली पर्व होने के कारण एक दिन पूर्व एवं एक दिन पश्चात आवागमन में कठिनाई की संभावना रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए परीक्षा तिथियों में संशोधन का अनुरोध किया गया था। जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों के हित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उक्त तिथियों में परीक्षाएं स्थगित करने के निर्देश दिए हैं। विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि संशोधित तिथियों की सूचना समय पर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।



**रमज़ान मुबारक**

**ग्यारहवां रोज़ा**

आज का इफ्तार - 6.05 बजे

कल की सेहरी - 4.55 बजे




**अम्बिकापुर।** शनिवार को हरिभूमि-आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद चिंतामणी महाराज, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, प्रबोध मिंज , प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, मेयर मंजूषा भगत, पूर्व मेयर डॉ. अजय तिर्की सहित अन्य मौजूद थे।

वन विभाग में उत्साह का माहौल

# बार्किंग डियर ने दिया शावक को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में वन विभाग और संजय वन वाटिका के लिए 26 फरवरी का दिन बेहद खास रहा। संजय वन वाटिका में मौजूद काकड़ (बार्किंग डियर) ने एक शावक को जन्म दिया है। इस शावक के जन्म से वन विभाग में उत्साह का माहौल है। फिलहाल हिरण के बच्चे को व मादा को सुरक्षित बाड़े में रखा गया है। वन विभाग के साथ ही पशु चिकित्सकों की टीम शावक और भौंकने वाली मादा हिरण की निगरानी कर रही है।

बता दें कि शहर के संजय वन वाटिका में बार्किंग डियर (काकड़) को रखा गया है। ये हिरण पर्यटकों के आकर्षण का भी केंद्र है। इस बीच 26 फरवरी को एक अति सुखद एवं उत्साहवर्धक घटना घटित हुई। वाटिका परिसर में संरक्षित एक मादा बार्किंग डियर (काकड़) ने एक स्वस्थ शावक को जन्म दिया है। यह घटना वन्यजीव संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डीएफओ सरगुजा अभिषेक जोगावत ने बताया कि जन्म के उपरांत पशु चिकित्सकों एवं वन अमले द्वारा शावक एवं मादा की सतत निगरानी की जा रही है। दोनों पूर्णतः स्वस्थ हैं तथा सुरक्षित बाड़े में आवश्यक देखभाल प्रदान की जा रही है। नवजात शावक सक्रिय है और माता के साथ स्वाभाविक व्यवहार प्रदर्शित कर रहा है। संजय वन वाटिका में वन्यजीवों के लिए प्राकृतिक एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने हेतु संतुलित आहार, स्वच्छ जल, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं समुचित सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। सरगुजा वन मण्डल आम नागरिकों से आह्वान किया है कि वन्यजीव संरक्षण में सहयोग प्रदान करें तथा वन क्षेत्र एवं वाटिका में अनुशासन एवं शांति बनाए रखें।



■ मादा हिरण और शावक को रखा गया सुरक्षित बाड़े में

### इसलिए कहते है भौंकने वाला हिरण

डीएफओ श्री जोगावत ने बताया कि काकड़ (भौंकने वाला हिरण) अपनी विशिष्ट भौंकने जैसी आवाज के कारण जाना जाता है और यह भारत के वनों में पाए जाने वाले प्रमुख छोटे हिरणों में से एक है। बार्किंग डियर का जन्म स्थानीय जैव विविधता संरक्षण के दृष्टिकोण से अत्यंत सकारात्मक संकेत है।

# पेड़ से गिरा बालक, अस्पताल में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पेड़ से गिरने से गंभीर हुए बालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बालक अचेत हालत में देर रात तक पेड़ के नीचे पड़ा था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम छतोरी निवासी राजेन्द्र राम आ. बैसाखू राम (9 वर्ष) शुक्रवार की शाम गांव के ही अमित तिर्की के घर के समीप इमली पेड़ के नीचे खेल रहा था जिसके बाद घर वापस नहीं लौटा। देर रात तक बालक के घर नहीं आने पर परिजन ने खोजबीन की तो बालक अमित तिर्की के घर के समीप इमली पेड़ के नीचे अचते हालत में पड़ा मिला वहीं पास से ही छिले बालक को देख परिजन ने पूछताछ किया तो बालक ने बताया कि राजेन्द्र पेड़ से नीचे गिरा था। परिजन बालक को तत्काल उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर वृद्धा की गई जान

कार के सड़क किनारे उतारने तथा सीट पलट जाने से गंभीर वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार बांगो थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ी उपरोडा निवासी पुनिया बाइक पति जमुना प्रसाद (66 वर्ष) अदानी में चालक का काम कर रहे नाती लखन यादव के साथ कार से घर जा रही थी। जैसे ही लखन कार लेकर अटेम नदी के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रहे ट्रक से बचने के लिए कार सड़क किनारे उतार दिया। कार की सीट पलट जाने से वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन वृद्धा को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। लखन यादव ने पुलिस को बताया कि कंपनी के अधिकारी ने परिवार को लाने रायपुर जाने के लिए निकला था। इसी बीच नानी को भी रास्ते में छोड़ने के लिए साथ लेकर चला गया था तभी रास्ते में दुर्घटना हो गई।

# बाइक से गांजा लेकर जा रहा युवक गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बाइक से गांजा लेकर खपाने जा रहे रहे बाइक सवार को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा। इसी बीच बाइक सवार एक युवक भाग निकला। टीम ने बाइक चालक के पास से चार किलो गांजा बरादम दिया। टीम ने बाइक व गांजा को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध एनपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार लूण्ड्रा क्षेत्र में गश्प कर रहे संभागीय उड़नदस्ता की टीम जैसे ही रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम उंचडीह मोहनपुर पर पर पहुंची तभी बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को अत्यधिक तेजी से जाते देख ओवरटेक कर रोका। बाइक रोकते ही पीछे बैठा व्यक्ति भाग गया जबकि टीम ने बाइक चालक को पकड़ लिया। पूछताछ में बाइक चालक ने अपना नाम आशीष पटेल निवासी कोट चौकी रघुनाथपुर बताया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने आशीष पटेल के पास रख बैग की तलाशी ली तो बैग में एक-एक किलो का 4 गांजे का पैकेट बरामद किया।

टीम ने बाइक व गांजा को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि होली के अवसर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी बढ़ जाती है। इसलिए संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम लगातार गश्त कर रही है तथा अवैध मादक पदार्थ के तस्करों पर नजर रखे हुए है। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी एवं नगर सैनिक रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता तथा महिला सैनिक राजकुमारी एवं चंद्रावती सक्रिय रही।




संकलनकर्ता
समलेश गुप्ता
हरिभूमि प्रतिनिधि, प्रतापपुर
मो. 9669981890
राजघराना मोबाईल शोरूम
प्रतापुर
भाजपा के वरिष्ठ नेता
कैबिनेट मंत्री
रामविचार नेताम
जी को
जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
अजीत शरण सिंह
नगर पंचायत उपाध्यक्ष
एवं वरिष्ठ भाजपा नेता
प्रतापपुर
नवीन जायसवाल
वरिष्ठ भाजपा नेता
जिला कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो
जिला - सूरजपुर
थऊला राम आयाम
पूर्व जनपद अध्यक्ष
भाजपा नेता, प्रतापपुर
सिंहासन सिंह
पूर्व लघु वनोपज अध्यक्ष
भाजपा नेता प्रतापपुर
देवेंद्र गुप्ता
जिला अध्यक्ष
ठेकेदार संघ, सूरजपुर
विनीत :- मेसर्स देवेन्द्र गुप्ता कंस्ट्रक्शन सलका, जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

## भागने के चक्कर में बाइक सवारों को मारी टक्कर

# तेज रफ्तार कार चालक ने दो बाइक को मारी टक्कर, तीन लोग गंभीर


दुर्घटनाकारित कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर–प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर शनिवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार चालक ने दो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के बाद इलाज में देरी को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और मौके पर चक्काजाम की स्थिति बन गई।

**खास बात**
- बाल–बाल बचे राहगीर, घायलों का निजी अस्पातल में चल रहा उपचार

जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह करीब 10.30 बजे कार क्रमांक सीजी 04 क्यूटी 5678 अंबिकापुर से प्रतापपुर की ओर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार चालक तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था। जैसे ही वाहन ग्राम छत्तरपुर के पास पहुंचा, उसने ग्राम पाठकपुर की तरफ जा रहे अशोक सिंह के पुत्र व पुत्री की बाइक को टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार भाई बहन सड़क पर दूर जा गिरे, इससे पहले लोग कुछ समझ पाते, कार ने छत्तरपुर मोड़ के पास ग्राम कल्याणपुर परसापारा निवासी रामाधार के पुत्र प्रदीप राजवाड़े की बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को संभाला, लेकिन आरोप है कि लटोरी पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के बजाय दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त करने में प्राथमिक रूचि दिखाई। घायलों की स्थिति बिगड़ती देख ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम की स्थिति निर्मित कर दी। कुछ समय के लिए अंबिकापुर–प्रतापपुर मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। पीड़ित पक्ष और पुलिस के बीच नोंकझोंक की सूचना मिलते ही कांग्रेसी नेता रोहन राजवाड़े और कल्याणपुर सरपंच गोवर्धन सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल पहल करते हुए गंभीर रूप से घायल लोगों को निजी वाहन से अंबिकापुर अस्पताल भिजवाया।

इसी बीच सूचना पर डीएसपी अनूप एक्का और खड़गंवा चौकी प्रभारी रघुवंश सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे, अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश देते हुए नाराज लोगों को शांत कराया।

## केनापारा में पायलटिंग वाहन की टक्कर से कॉलरी कर्मी गंभीर रूप से घायल

एनएच 43 स्थित ग्राम तेलईकछार केनापारा में पायलटिंग वाहन की टक्कर से एक कॉलरी कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं,गौरतलब है कि ग्राम केनापारा निवासी कॉलरी कर्मी विजय गुप्ता पिता गुलाब गुप्ता शनिवार को शाम करीब 4 बजे ड्यूटी से स्कूटी में अपने घर को वापस लौट रहे थे,इस दौरान एनएच 43 पर ग्राम केनापारा में स्कूटी सवार कॉलरी कर्मी विजय गुप्ता अपने घर के लिए वाहन को मोड़ रहे थे,तभी तेज रफ्तार में पीछे से आ रहे पायलटिंग स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 16 सीपी 3805 के चालक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना में कॉलरी कर्मी के रीढ़ की हड्डी व शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आई है। दुर्घटना से नाराज ग्रामीणों द्वारा एनएच 43 पर कुछ समय के लिए चक्काजाम कर दिया,जिसकी सूचना मिलते ही जयनगर टीआई रूपेश कुंतल एक्का तत्काल दलबल के साथ मौके पर पहुंच लोगों को समझाइश देकर आंदोलन समाप्त कराया। दुर्घटना उपरांत पायलटिंग वाहन में सवार सभी पुलिस कर्मी मौके से फरार हो गये हैं,घायल कॉलरी कर्मी विजय गुप्ता को अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है और पुलिस ने पायलटिंग वाहन को जप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## महिला ने लगाया महतारी वंदन योजना में गड़बड़ी का आरोप, शाखा प्रबंधक से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



ग्राम दुरती की एक महिला ने महतारी वंदन योजना की राशि में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। ग्राम दुरती निवासी अनीता यादव पति शोभनाथ यादव (32 वर्ष) ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा चन्द्र मेढ़ा से संबद्ध कियोस्क संचालक पर डबल निकासी और अवैध कमीशन वसूली का आरोप लगाते हुए शाखा प्रबंधक से शिकायत की है।

अनीता यादव 7 फरवरी को पति के साथ महतारी वंदन योजना की राशि निकालने कियोस्क केंद्र पहुंचीं। पीड़िता का आरोप है कि कियोस्क संचालक द्वारा 1000 रुपये की निकासी की गई। लेकिन बाद में पासबुक प्रिंट कराने पर यह सामने आया कि उसी दिन खाते से दो बार 1000-1000 रुपये की निकासी दर्ज है। अनीता यादव का कहना है कि उन्हें केवल 1000 रुपये ही दिए गए, जबकि बैंक रिकॉर्ड में 2000 रुपये की निकासी दर्शाई गई है। अनीता यादव ने शाखा प्रबंधक से मामले की निष्पक्ष जांच कर कियोस्क संचालक के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है।

## जल संरक्षण के लिए आज से विशेष अभियान

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉक्टर आशुतोष चतुर्वेदी के द्वारा 21 फरवरी को जल संरक्षण के लिए अंतर विभागीय समीक्षा एवं गत समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देशानुसार जिले में किसानों के प्रत्येक खसरा में 5 प्रतिशत मॉडल (सीढ़ी नुमा गड्ढा) बनाया जाना है, जिसके बैकुंठपुर में सफल क्रियान्वयन के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद पंचायत की सभा कक्ष में बैठक आयोजित कर सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक को 1 मार्च से किसानों के प्रत्येक खसरा में 5 प्रतिशत मॉडल (सीढ़ी नुमा गड्ढा) बनाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए गए तथा 5 प्रतिशत मॉडल तैयार करने के लिए सभी राजस्व निरीक्षक निरीक्षकों को नोडल अधिकारी ग्राम पंचायत, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी एवं पटवारियों को क्रियान्वयन दल प्रभारी बनाते हुए क्रियान्वयन दल का गठन किया गया है। इसमें सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक कोटवार आदि को शामिल करते हुए दिशा-निर्देश सहित आदेश प्रसारित किया गया है।



## जिला पंचायत की सामान्य सभा

**मनेन्द्रगढ़।** ग्राम पंचायत लाई अमृतधारा स्थित डीपीआरसी भवन में आयोजित जिला पंचायत की सामान्य सभा में जीरामजी (विकसित भारत रोजगार एवं आर्थिक गारंटी मिशन ग्रामीण 2025) को लेकर व्यापक चर्चा, समीक्षा और विभागवार प्रगति का आकलन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह ने की तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू और उप संचालक पंचायत गुरूचरण सिंह नेताम की विशेष उपस्थिति रही। सभा में जनपद प्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी मो. आरिफ ने विकसित भारत जीरामजी अधिनियम 2025 की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह सशक्तिकरण, विकास, कन्वर्जेंस और सैचुरेशन के सिद्धांतों पर आधारित है तथा महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का उन्नत संस्करण है। जिसमें अब 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। यह योजना 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी और 1947 से 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।






## खबर संक्षेप



### ऊंचडीह ग्राम पंचायत में हुआ कृषक-श्रमिक सम्मान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर।** विकसित भारत जीरामजी कार्यक्रम अंतर्गत किसान मोर्चा ग्रामीण मंडल द्वारा पंचायत ऊंचडीह में ग्रामीण कृषकों एवं श्रमिकों के बीच व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाना तथा श्रमिक एवं किसान वर्ग को योजनाओं से सीधे जोड़ना रहा। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों द्वारा योजना संबंधी पत्रकों का वितरण किया गया तथा ग्रामीण श्रमिकों का सम्मान किया। साथ ही ग्रामीणों के साथ बैठ कर योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला महामंत्री अजय अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिया गया विकसित भारत 2047 का संकल्प तभी पूर्ण होगा जब गांव, किसान और श्रमिक आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे। जीरामजी कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। मनरेगा के तहत पहले 100 दिन का रोजगार मिलता था जो अब 125 दिन का रोजगार मिल रहा है,पहले भुगतान में बहुत समय लगता था अब 1 सप्ताह में भुगतान संभव हो सकेगा जिससे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल सकेगा। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विजय रजवाड़े ने कहा कि ग्राम स्तर पर ऐसे कार्यक्रमों से शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है। नगर मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसान एवं श्रमिक वर्ग का सम्मान और उनका सर्वांगीण विकास है। इस दौरान कमल यादव,प्यारे साहू, शिव शंकर साहू, तिलक रजवाड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने कस्तुरबा आश्रम की अव्यवस्था पर जताई नाराजगी



**सेदम।** कलेक्टर अजीत वसंत बतौली के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने ग्राम भटको स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। आवासीय परिसर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान छात्राओं द्वारा वर्तमान छात्रावास अधीक्षिका शांतिमनि कुजूर विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए गए, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल एसडीएम एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को छात्रावास अधीक्षिका को हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि छात्राओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं सुविधाओं से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं आश्रम की सभी व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार किया जाए। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो द्वारा कस्तूरबा आश्रम का निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई गई थी तथा सुधार के निर्देश दिए गए थे, परंतु लंबे समय से पदस्थ अधीक्षिका की मनमानी के चलते व्यवस्थाओं में कोई ठोस सुधार नहीं हो सका, जिसका परिणाम आज कलेक्टर की सख्त कार्रवाई के रूप में सामने आया। इससे पूर्व कलेक्टर अजीत वसंत ने करदना हाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने प्राथमिक शाला, पीडीएस भवन, मध्यान्ह भोजन केंद्र एवं निर्माणाधीन पीडीएस भवन का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बतौली की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर चर्चा की। कलेक्टर ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया जाएगा और आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

## मरम्मत नहीं होने से शो पीस बन कर रह गई सोलर स्ट्रीट लाइट

# एनीकट से छठ घाट तक लाखों की लागत से लगी सोलर स्ट्रीट लाइट महीनों से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

क्षेत्र वासियों सहित राहगीरों की सुविधा के लिए कनहर एनीकट से छठ घाट तक सोलर लाइट लगाई लगाया था जो लगने के बाद मरम्मत के अभाव में बंद हो गया है।

**खास बातें**
- शाम होते ही पसर जाता है अंधेरा, राहगीर सहित क्षेत्र के लोग परेशान
- कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

लाखों रुपए की लागत से लगे सोलर लाइट व खंबे अब सिर्फ शो पीस बन कर रह गई। हैरानी की बात यह है कि सोलर लाई लंबे समय से खराब है बावजूद इसके मरम्मत या देखरेख की जहमत तक नहीं उठाई। ऐसे में क्षेत्र के लोगों सहित राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं मार्ग अंधेरा होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

रामानुजगंज के कनहर नदी स्थित एनीकट से छठ घाट तक जल संसाधन विभाग द्वारा लगाई गई सोलर स्ट्रीट लाइट शो-पीस बनकर रह गई हैं। प्रत्येक सोलर स्ट्रीट लाइट की लागत लगभग ढाई लाख रुपये बताई जा रही है, लेकिन स्थापना के महज एक माह बाद ही अधिकांश लाइट बंद हो गईं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा मामले को उठाए जाने के बाद जल संसाधन विभाग ने खराब सोलर स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराने की पहल की। विभाग द्वारा कुछ पोलों से लाइट खोलकर मरम्मत के नाम पर ले जाया गया, लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी उन्हें पुनः पोल में लाइट नहीं लगाया गया है। वही, जो लाइट लगी हुई हैं, उनमें से भी कई अब तक बंद पड़ी हैं। लोगों का कहना है कि एनीकट से छठ घाट तक का मार्ग शाम के समय अंधेरे में डूबा रहता है, जिससे आवागमन में परेशानी होती है। विभिन्न अवसरों पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, ऐसे में प्रकाश व्यवस्था का दुरुस्त होना अत्यंत आवश्यक है। लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा मरम्मत के लिए राशि का भुगतान भी किया गया होगा, लेकिन लाइट ठीक हुईं या नहीं, इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। छह माह बीत जाने के बाद भी सोलर स्ट्रीट लाइटों की पुनः स्थापना नहीं होना विभागीय लापरवाही को दर्शाता है।



बंद सोलर लाइट।

### मरम्मत कराने की गई है मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग में रात के समय अंधेरा होने से काफी असुविधा का सामना क्षेत्रवासी सहित राहगीरों को करना पड़ता था। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर जल्द से जल्द सभी सोलर स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कर पुनः स्थापित किया जाए, ताकि क्षेत्र में सुचारू रूप से प्रकाश व्यवस्था बहाल हो सके।

### संबंधित विभाग को कराया गया है अवगत

सोलर लाइट के बंद होने पर जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार ध्यान आकर्षित कराया गया परंतु विभाग के अधिकारियों ने सुधार कार्य किए जाने की दिशा में आज तक कोई पहल नहीं किया। ऐसे स्थिति में शाम होते ही सड़क पर अंधेरा पसर जाता और लोगों को घर से टॉर्च लेकर निकलना पड़ रहा है। कनहर नदी होने के कारण रात के समय जहरीले सांप, बिच्छू का खतरा बढ़ जाता है वहीं महिलाएं और बच्चों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने जीते सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल प्रतियोगिता 2025-26 भोपाल में सरगुजा जिला वुडबॉल संघ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया। संघ के प्रतिभाशाली खिलाड़ी संदीप सिन्हा एवं साक्षी कुमारी ने संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए मिक्स डबल इवेंट में शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया और जिले का नाम रोशन किया। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि हमारे यहां से स्ट्रोक इवेंट मिक्स डबल इवेंट में संदीप सिन्हा और साक्षी कुमारी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर सरगुजा को गौरवान्वित किया है। विगत कई वर्षों से सरगुजा के खिलाड़ी वुडबॉल प्रतियोगिताओं में निरंतर पदक जीतते आ रहे हैं, जो संघ की नियमित प्रशिक्षण व्यवस्था और खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है। दोनों खिलाड़ी के.आर. टेक्निकल कॉलेज में अध्ययनरत हैं। प्रतियोगिता में प्रीतम जायसवाल, प्रियांशु कुशवाहा, दीपक, निखिल गुप्ता एवं निशांत भगत तथा महिला वर्ग में अंजिल प्रीति टोप्पो, स्नेहा जायसवाल, श्रीजल जायसवाल, मोनालिसा तिग्गा एवं उर्मिला एक्का ने भी अपना बेहतर प्रदर्शन किया। निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका में सरगुजा जिला से राष्ट्रीय रेफरी रजत सिंह एवं आकाश दुबे को सफल संचालन पर सम्मानित किया गया। विजेता खिलाड़ियों को सरगुजा जिला वुडबॉल संघ, प्रदेश संघ एवं विश्वविद्यालय,महाविद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## प्रभावित क्षेत्र में हर घर से एक सदस्य जलजनित रोगो से ग्रसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- एआईसीसी सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, पूर्व महापौर व ननि नेता प्रतिपक्ष ने की लोगों से मुलाकात

दूषित पेयजल सप्लाई के कारण कई घरों में लोगों के जलजनित रोगों से ग्रसित होने की शिकायत के उपरांत शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की एवं ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने नमनाकला के खटीक पारा एवं झंझटपारा में घर-घर जाकर स्थिति का जायजा लिया है। क्षेत्र का दौरा करने के उपरांत आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने जानकारी दी कि लगभग प्रत्येक घर में एक या एक से अधिक सदस्य दूषित जल जनित इन बीमारियों के शिकार हैं।



प्रत्येक घर से मिले इलाज से संबंधित पर्चियों से इस बात की जानकारी मिली है कि लोग पीलिया, टाइफाइड और डायरिया जैसे लोगों से ग्रसित हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने यह बताया है कि इस क्षेत्र से 2 लोगों के मौत की चर्चा सामने आने के बाद विगत दो-तीन दिनों से पेयजल की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। श्री सिंहदेव ने कहा कि नावापारा स्वास्थ्य केन्द्र और मेडिकल कॉलेज में जांच के अभाव में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को अब इलाज में भी कठिनाईयां आ रही है। बीमार लोगों ने यह शिकायत दर्ज की है कि उन्हें बाहर से जांच आदि कराने में हजारों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। निजी अस्पतालों में इलाज कराने पर काफी व्यय हो रहा है। श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने प्रशासन से आह्वान किया कि क्षेत्र में मेडिकल शिविर लगाकर बीमार लोगों का निःशुल्क इलाज कराया जाए। बीमार लोगों के पर्चियों के अवलोकन के उपरांत पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की ने कहा कि क्षेत्र में बीमार सभी लोगों की बीमारी जल जनित है। उन्होंने कहा कि लोगों को पीलिया, टाइफाइड और डायरिया जैसी बीमारी है जो कि खराब पानी पीने के कारण होती है। उन्होंने निगम प्रशासन का सलाह दिया कि ऐसे परिस्थितियों में गलत बयानबाजी कर तथ्यों को छिपाने से बेहतर होगा कि मिलजुलकर आमजन को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई जाये। यही एक लोक सेवक का उत्तरदायित्व है। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि आमजन के द्वारा दूषित पेयजल और बीमारी की फरियाद करना महापौर को साजिश लगता है, यह दुर्भाग्यजनक है। उन्होंने कहा कि पहले नवागढ, मोमिनपुरा, पर्राडांड और अब नमनाकला क्षेत्र में दूषित पेयजल सप्लाई का तथ्य आना और इससे बीमारियों का फैलाव यह स्पष्ट करता है कि शहर के बड़े हिस्से में दूषित पेयजल सप्लाई हो रहा है। ऐसा तभी हो सकता है जबकि फिल्टर प्लांट में ही पेयजल का सही ट्रीटमेंट नहीं हो रहा हो। उन्होंने कहा कि पेयजल की खराब गुणवत्ता का वाजिब कारण क्या है इसकी जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी के गठन की मांग हमारे द्वारा की गई है। इस दिशा में पहल नहीं हुई तो कांग्रेस आमजन के स्वास्थ्य के हित में गंभीर आंदोलन के लिये सड़कों पर आयेगी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल, आलोक सिंह, प्रमोद चौधरी, तीरथ चौधरी, चंद्रप्रकाश सिंह, अमित सिंह आदि मौजूद थे।

## कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि का किया गया वितरण

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प के अनुरूप होली पर्व से पूर्व राज्य के अन्नदाताओं को 10 हजार 324 करोड़ रुपये की आदान सहायता राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड स्थित रहंगी खेल मैदान में आयोजित वृहद किसान सम्मेलन कार्यक्रम से कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के 25 लाख 28 हजार किसानों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से आदान सहायता राशि अंतरित की।

जिले के किसानों के लिए भी यह दिन विशेष रहा। जिले के 58 हजार 443 किसानों के खातों में 273 करोड़ 55 लाख 63 हजार रुपये की राशि अंतरित की गई। विधानसभावार आंकड़ो पर नजर डाले तो ओड़गी विकासखंड में 23 करोड़ 99 लाख 95 हजार, प्रतापपुर में 57 करोड़ 57 लाख 99 हजार, प्रेमनगर में 23 करोड़ 13 लाख 98 हजार, भैयाथान में 56 करोड़ 18 लाख 88 हजार व रामानुजनगर में 51 करोड़ 73 लाख 30 हजार और सूरजपुर में 60 करोड़ 91 लाख 52 हजार रूपये की बोनस राशि का वितरण किया गया। प्रतापपुर में आजा सेवा सहकारी समिति चन्दौरा, रामानुजनगर में आजा सेवा सहकारी समिति परशुरामपुर, सूरजपुर में आ.जा. सेवा सहकारी समिति केशव नगर, प्रेम नगर में आ.जा. सेवा सहकारी समिति कंचनपुर, भैयाथान में बाजार ग्राउंड चन्द्रमेढ़ा तथा ओड़गी में ग्राम पंचायत प्रांगण ओड़गी में कृषक बंधुओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।



TOP IN SURGUJA

सरगुजा मार्केट

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL creating healthy tomorrow
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से 3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) | 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

VC INSTITUTE A COMPLETE CAREER SOLUTION
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com, BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा संपर्क: 7222980129, 9479235154

डॉ भाविक शाह पेट और आंत रोग विशेषज्ञ हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल पेट और आंत रोग विशेषज्ञ हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी स्पाइन और ब्रेन सर्जन हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL

डॉ. तुषार जैन M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसिन)
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ) एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
दिनांक :- 08 मार्च 2026, रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सिटी हॉस्पिटल (इस माह 14 और 15 मार्च 2026) को उपलब्ध रहेंगे
Dr. B.MINJ Director of Vishesh Spine & Pain Management Bhopal MBBS, MD, FIPM (Fellowship in Pain Management)
SCOPE OF TREATMENT: कमर दर्द, साइटिका, गर्दन का दर्द, नसों का दर्द, चेहरे पर करंट जैसा दर्द, या दांतों का दर्द, कैंसर का दर्द, घुटने या जोड़ों का दर्द, अन्य कोई दर्द भी गठिया या पुराना दर्द
समय: शनिवार सुबह 10 से 3 बजे तक, रविवार सुबह 10 से 1 बजे तक
88770826055, +919827731775, 6261827790

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ.आशु जैन MBBS, M.S., M.ch Neurologist दिनांक 01 मार्च, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं? वारसी शिफा
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मो. 9753266386

डॉ.संजीत जायसवाल MD, DM (Endocrinologist)
दिनांक - 1 मार्च 2026, रविवार

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
01 मार्च 2026, माह के प्रथम रविवार

गुप्त रोग का 100% शर्तिया इलाज
विश्वास औषधालय
अम्बिकापुर - मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ.रौनक कलवानी M.ch, MS, ATLS, M.B.B.S
दिनांक - 09 मार्च, 2026, सोमवार
डॉ.विकास अग्रवाल
दिनांक - 14 मार्च 2026, शनिवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल

वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. एम.के. तिवारी
दिनांक 23 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक
जीवन ज्योति सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज

## खबर संक्षेप



### खड़गवां पुलिस चौकी में हुई शांति समिति की बैठक, हुड़दंगियों पर रहेगी नजर

**सोनगरा।** होली और ईद को लेकर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के पुलिस चौकी खड़गवां में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, असामाजिक गतिविधि या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में कहा गया कि शराब पीकर वाहन चलाने, बाइक पर तीन सवारी बैठाने और बिना अनुमति तेज आवाज में डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। अधिकारियों ने कहा कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों के दौरान पुलिस की गश्त बढ़ाई जाएगी और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि कोटवारों के माध्यम से गांव-गांव मुनादी कर लोगों को प्रशासनिक निर्देशों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही ग्रामीण अफवाहों से बचें, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट साझा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक में बीडीसी सदस्य सुरेश चक्रधारी सहित ग्राम खड़गवां, केरता, धरमपुर, चंद्रपुर, बोझा और पंपापुर के सरपंच मौजूद रहे।

### ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता पर जोबगा टीम का कब्जा



**मानीचौक।** ग्राम पंचायत मानी में आयोजित ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जोबगा और मानी टीम के मध्य खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया वहीं बेहतर खेल कर प्रदर्शन करते हुए जोबगा टीम ने जीत हासिल कर प्रतियोगिता अपने नाम की। फाइनल मैच में मानी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 12 ओवरों में मानी की टीम ने 77 रन बनाए और जोबगा की टीम के सामने जीत के लिए 78 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जोबगा की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 10 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष स्वाति सिंह ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करती हैं तथा आपसी भाईचारे और खेल भावना को मजबूत बनाती हैं। प्रतियोगिता में विजेता टीम जोबगा को 20 हजार रुपये नगद व शील्ड तथा उपविजेता मानी टीम को 10 हजार रुपये नगद शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कामता प्रसाद सिंह, प्रेम कुमारी, सुरेन्द्र राजवाड़े, राहुल यादव, संदेश प्रताप, सुरेश कुर्रे सहित आयोजक समिति के संतोष जायसवाल, बृजेश कुर्रे, दीपक, संतोष राजवाड़े, दिव्यांशु राजवाड़े, मूलचंद एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### जिला चिकित्सालय में पहली बार हुआ कूल्हे की हड्डी का सफल प्रत्यारोपण

**सूरजपुर।** जिला चिकित्सालय ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अस्पताल के हड्डी रोग विभाग में पहली बार कूल्हे की हड्डी के प्रत्यारोपण का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक



संपन्न किया गया। इस सर्जरी के साथ ही जिले के मरीजों के लिए जिला अस्पताल अब एक स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने का एक बेहतर स्थान बन गया है। अब इस तरह के बड़े ऑपरेशन के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। जानकारी के अनुसार जमगहना निवासी 45 वर्षीय इंद्रजीत कई दिनों से कूल्हे के तीव्र दर्द से पीड़ति थे। हड्डी रोग विभाग में भर्ती होने के बाद जांच में पता चला कि उनके कूल्हे की हड्डी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है और इसे बदलना अनिवार्य है। सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम को जैसे ही मामले की सूचना मिली, उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए सर्जरी टीम को सभी आवश्यक सुविधाएं एवं सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अजय साहू एवं डॉ. अमन गुप्ता ने इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। ऑपरेशन के दौरान मरीज की सुरक्षा एवं स्थिरता सुनिश्चित करने में निश्चेतना टीम की भूमिका महत्वपूर्ण रही। टीम में डॉ. विकास भगत, डॉ. अनिल कुमार एवं रेजिडेंट डॉ. संदीप भगत शामिल रहे। इसके अलावा ओटी इंचार्ज श्रीमती नवीदा परवीन, सुश्री मयंका राजवाड़े, सीमा देवांगन, बोधन राजवाड़े, सुखलाल राम तथा सहायक स्टाफ सागर एवं भीक साय ने भी इस ऑपरेशन की सफलता में उल्लेखनीय योगदान दिया। सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम ने बताया कि अस्पताल में पहले से ही कई सुविधाएं पलब्ध हैं और आने वाले समय में इन्हें और बहतर बनाया जाएगा, जिससे मरीजों को इलाज के लिए जिले से बाहर न जाना पड़े। सर्जन डॉ. अजय साहू ने बताया कि यह एक अत्यंत कठिन ऑपरेशन था, जिसे अस्पताल प्रबंधन एवं ओटी टीम के संपूर्ण सहयोग से सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

## सांसद एवं लुण्ड्रा विधायक ने बताई अपनी उपलब्धियां

# छोटा विमान नहीं था पसंद, अब दिल्ली से चलेगा 72 सीटर प्लेन



सांसद, विधायक व कांग्रेस पदाधिकारियों से चर्चा करते प्रधान सम्पादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी।

**अम्बिकापुर।हरिभूमि एवं आईएनएच द्वारा भाजपा सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर सरगुजा के विकास सहित रेल, सड़क एवं हवाई यात्रा के संबंध में प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी ने सांसद चिंतामणि महाराज, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक एवं कांग्रेस प्रदेश महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा से संवाद किया। सत्ताधारी दल के जनप्रतिनिधियों ने शासन द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों एवं अपनी उपलब्धियों की जानकारी दी वही कांग्रेस के पदाधिकारियों ने विकास कार्यों को ना काफी बताया।**

### हवाई सेवा और रेल सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता : सांसद चिंतामणि

सांसद सरगुजा चिंतामणि महाराज से हरिभूमि आईएनएच के प्रधान सम्पादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने उनके कांग्रेस विधायक से भाजपा में सांसद तक के सफर, सांसद रहते दो सालों के कार्यकाल में उपलब्धियों और प्राथमिकताओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान सांसद श्री चिंतामणि ने कहा कि सरगुजा में हवाई सेवा के साथ ही रेल सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता है। सरगुजा में एयरपोर्ट शुरू किया गया रायपुर से अंबिकापुर विमान संयोग से नहीं चल पाई। केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से हमारा प्रयास 72 सीटर विमान के संचालन का है। इंडिगो कंपनी से सीएम की मुलाकात कराई गई है और जल्द ही सफलता मिलेगी। इसके साथ ही बरवाडीह रेल लाइन के लिए हम प्रयास कर रहे है और इसमें सफलता कब मिलेगी कह नहीं सकते। हम दोनों मांगों पर काम कर रहे है। अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में सिंगल प्लेटफ़ॉर्म के सवाल पर सांसद ने कहा कि दूसरे प्लेटफार्म की स्वीकृति मिली है किन्ही कारणों से काम शुरू नहीं हो पाया। थोड़ा इन्तजार करना होगा सब हो जाएगा। इसके साथ ही क्षेत्र में शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम किया जाएगा। पर्यटन के क्षेत्र में भी काम कर रहे है इससे लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। संत गहिरा गुरु विवि का भवन आज तक नहीं बन पाने को लेकर सांसद श्री चिंतामणि ने कहा कि भवन निर्माण का काम धीमी गति से चला। फिर से राशि स्वीकृत हुई है और अब काम होगा। निर्माण में समय लगेगा लेकिन आने वाले समय में विवि व्यवस्थित होगा।

### अंतिम पंक्ति के व्यक्ति हेतु लक्ष्य लेकर कर रहे काम : विधायक प्रबोध

लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज से हरिभूमि आईएनएच के प्रधान सम्पादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने उनके महापौर से लेकर विधायक तक के सफर, क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुझे लुंड्रा की जनता ने आशीर्वाद दिया। वहां 15वर्षों तक कांग्रेस के विधायक थे लेकिन जनता को जो अपेक्षा थी उसके अनुरूप विकास नहीं हो पाया। पिछले पांच वर्ष में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बाद भी काम नहीं हुए इसलिए जनता ने भाजपा को मौका दिया। क्षेत्र की जनता जागरूक है और कार्यों को देखती है। पिछली बार कांग्रेस के 14 विधायक थे इस बार भाजपा के 14 विधायक है। हमने अपने दो साल की सरकार में मोदी की गारंटी के वादों को पूरा किया। हमने क्षेत्र में 300 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति कराई। दूरस्थ क्षेत्रों में अस्पताल खुल गए, अस्पतालों का उन्नयन किया गया। 5-5 सब स्टेशन की स्वीकृति कराई। आवश्यकता के अनुसार विकास कार्य कराए जा रहे है। हवाई सेवा का शेड्यूल फिर से जारी हो गया है। रेलवे में मेंटेनेंस का काम भी चल रहा है। हम क्षेत्र से जो भी काम लेकर जाते है कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम और मंत्री राजेश अग्रवाल के प्रयासों से सीएम द्वारा स्वीकृत किया जाता है। हमारी सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के लिए लक्ष्य लेकर काम कर रही है। जहां तक सड़क, बिजली नहीं पहुंची थी वहां तक काम हो रहा है। शहर के विकास को लेकर विधायक श्री मिंज ने कहा कि कांग्रेस के दस वर्षों के कार्यकाल में गति नहीं आई अब भाजपा सरकार आने के बाद सडकों के निर्माण, एनएच से जुड़ने वालों सडकों के फोर लेन निर्माण, अंदरूनी सडकों के निर्माण के लिए स्वीकृति मिली है। हमें विकास कार्यों के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए।

### महतारी वन्दन और धान खरीदी वोट की मजबूरी: द्वितेंद्र

प्रदेश कांग्रेस महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा से हरिभूमि आईएनएच के प्रधान सम्पादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने विपक्ष की भूमिका को लेकर चर्चा की। इस दौरान श्री मिश्रा ने कहा कि सत्ता पक्ष से ही पूछना चाहिए कि दो वर्षों में क्या विकास के कार्य हुए है। महतारी वंदन और धान की खरीदी तो वोट की मजबूरी है। आज जिले के कोऑपरेटिव बैंक में किसानों की लाइन लगी हुई है। पीडीएस दुकानों की हालत खराब है, सोसायटी से चना गायब है शक्कर चावल मिल नहीं रहा है। भाजपा जाति-धर्म, धन का प्रयोग कर सत्ता में आई है। यदि हम भूपेश बघेल के 5 साल एक कार्यकाल की तुलना दो साल के भाजपा के कार्यकाल से करेंगे तो भाजपा का कार्यकाल पसगे में नहीं आएगा। भूपेश बघेल की सरकार ने नजूल भूमि का पट्टा देने का काम किया था जिस योजना को वर्तमान की सरकार ने बंद कर दिया।

### सभी सीटों पर जीतकर आएंगे : बाल कृष्ण

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने हरिभूमि आईएनएच के प्रधान सम्पादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने चर्चा की। इस दौरान कांग्रेस की हार को लेकर जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि चुनाव में ईडी, सीबीआई, ईओडब्ल्यू का उपयोग कर भाजपा सत्ता में आई। कांग्रेस की हार को लेकर कहा कि सरगुजा के लोगों को जो सम्मान मिलना चाहिए था उसमें कमी महसूस की गई जिससे हार मिली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हजारो किसानों का रजिस्ट्रेशन होने के बाद भी धान की खरीदी नहीं हो पाई। उनके साथ गलत व्यवहार हुआ। सरगुजा की जनता सरगुजा के नेता पहचानती है। आने वाले समय में हम सभी सीटों पर जीतकर आएंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने हमें मौका दिया था लेकिन दो साल कोरोना काल में निकल गए इस कारण घोषणापत्र में किए गए वादों को पूर्ण करने का मौका नहीं मिल पाया। अगली बार सभी सीटों में एक बार फिर से जीत दर्ज करेंगे।



सांसद चितामणि महाराज को किया गया सम्मानित।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक का हुआ सम्मान।



लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज हुए सम्मानित।



कांग्रेस प्रदेश महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा को किया गया सम्मानित।



कार्यक्रम में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत का हुआ सम्मान।



भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया भी हुए सम्मानित।



कार्यक्रम में शामिल पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की।

# शहर के विकास के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष एक साथ

- ननि महापौर, पूर्व मेयर के साथ ही जिलाध्यक्ष भाजपा से हुई चर्चा, परसपर सहयोग का दिया आश्वासन

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन के लिए हरिभूमि आईएनएच 24 द्वारा जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन शहर के सरगवां द पैलेस रिसॉर्ट में किया गया।

इस दौरान आईएनएच 24 के ब्यूरो हेड शैलेष पांडेय ने शहर के विकास कार्यों, कांग्रेस के दस वर्षों के कार्यकाल के बाद मिली हार सहित सड़क, पानी, व अन्य विषयों को लेकर नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, तेलघानी बोर्ड के पूर्व सदस्य लक्ष्मी गुप्ता से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने तंज वाले लहजे में कहा कि दस वर्षों तक कार्य करने के बाद भी डॉ. अजय तिर्की जनता की नब्ज नहीं टटोल पाए।




महापौर, पूर्व महापौर व पदाधिकारियों से चर्चा करते आईएनएच ब्यूरो प्रमुख शैलेष पाण्डेय।

### सभी मिलकर कर रहे नगर के विकास के लिए कार्य : महापौर

नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत से आईएनएच 24 के ब्यूरो हेड शैलेष पांडेय ने चर्चा की। इस दौरान महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि अमृत मिशन के तहत शहर में 100 करोड़ रूपए से अधिक के कार्य केंद्र की स्वीकृति से हुए है। वर्तमान में अल्प संख्यक समुदाय के कई वार्डों में दूषित पानी की समस्या आई। इस दौरान वार्डों में दौरा किया जिसमें यह बात सामने आई कि डीपीआर के विरुद्ध पाइप लाइन बिछाने का काम हुआ। कई जगह पाइप फूटा हुआ है। कई वार्डों में तीन साल से सफाई नहीं हुआ। नालियों में स्लैब नहीं बिछाए गए थे। इन सभी कमियों को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। हम सभी मिलकर नगर के विकास के लिए कार्य कर रहे है। इसमें सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्ष के भी अनुभवी जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिल रहा है।

### विकास के मुद्दे पर हम सभी एक साथ : डॉ. तिर्की

नगर निगम के पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की से आईएनएच 24 के ब्यूरो हेड शैलेष पांडेय ने चर्चा की। इस दौरान अपनी हार को लेकर डॉ. तिर्की ने कहा कि पीएम ने हमारे कार्यों की तारीफ की, वर्तमान सरकार भी हमारे कार्यों की तारीफ करती है लेकिन चूक कहां हुई यह समझ नहीं आया। हमारे दस वर्षों के कार्यकाल में 5 साल प्रदेश में भाजपा की सरकार थी इसलिए हम विपक्ष की भूमिका में थे लेकिन सभी के सहयोग से अंबिकापुर का नाम सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में विश्व पटल पर नाम पहुंचाया। दूसरे कार्यकाल में भी हमने अपने वर्चस्व को बरकरार रखा। विकास के मुद्दे पर हम सभी एक साथ है। हमने अपनी ओर से पूरा प्रयत्न किया। अमृत मिशन के कार्य को पूर्ण करने में भी सभी का सहयोग मिला। इसके साथ ही इनडोर स्टेडियम का निर्माण, पीजी कॉलेज, स्टेडियम के उन्नयन का कार्य हुआ। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्वीकृति दिलाई और अब इस सरकार में इसपर काम होगा। शहर की जरुरत के लिए हमने गागर प्रोजेक्ट दिया जिसके बांकी से गागर नदी को जोड़ने की योजना थी। इससे जल जीवन मिशन से लेकर शहर के लिए पानी मिल सकेगा। टीपी नगर के लिए 20 साल से प्रयास हो रहा है लेकिन सब मिलकर भी निर्माण नहीं करा पाए। टीपी नगर बनने से यातायात की समस्या दूर होगी क्यों कि शहर में मल्टी लेवल पार्किंग की सुविधा नहीं है। इसके लिए भी सभी को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है।

### केंद्र व राज्य की उपलब्धियों को लेकर जाएंगे जनता के बीच : भारत

भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया से आईएनएच 24 के ब्यूरो हेड शैलेष पांडेय ने चर्चा की। इस दौरान जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि हम केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों को लेकर लेकर जनता के बीच जाएंगे। 10 साल में कांग्रेस की सरकार नगर निगम में कोई बड़ी उपलब्धि नहीं दे पाई। हमने शहर की 5 प्रमुख सड़कों को 4 लेन करने की उपलब्धि हासिल की। यही हमारे दोबारा सरकार में आने का कारण बनेगी। टीपी नगर के लिए भी भूमि आरक्षित है। जल जीवन मिशन में 21 वें स्थान पर रहने को लेकर कहा कि इसका कुछ कारण भौगोलिक स्थिति भी है। इस बार खैरबार में टंकी बाकर फिल्टर प्लांट के माध्यम से घर घर पानी पहुंचाने का काम किया जाएगा।

### सरकार ने मनरेगा को कर दिया बंद : लक्ष्मी

तेलघानी बोर्ड के पूर्व सदस्य लक्ष्मी गुप्ता से आईएनएच 24 के ब्यूरो हेड शैलेष पांडेय ने चर्चा की। इस दौरान उन्होंने शहर में दूषित पेयजल का मुद्दा उठाते हुए कहा कि ननि क्षेत्र में ई कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि हुई। प्रदेश में ओबीसी परिवार की आबादी 50 प्रतिशत है और किसी भी योजनां के क्रियान्वयन का ओबीसी समाज पर असर पड़ता है। प्रदेश में सरकार ने मनरेगा को बंद कर दिया। मनरेगा में 100 दिन की गारंटी थी वो अब नहीं है। भाजपा के लोग भावनात्मक रूप से खेलते है और लोग मुद्दों को भूल जाते है।



कार्यक्रम में शामिल तेलघानी बोर्ड के पूर्व सदस्य लक्ष्मी गुप्ता।



स्मृति चिन्ह प्रदान करते भाजपा जिलाध्यक्ष व महापौर।

## खबर संक्षेप



### सौम्या सिंह ने साइकोलॉजी विषय में अर्जित किया गोल्ड मेडल


**बिश्रामपुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में शनिवार को आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान सौम्या सिंह को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। सौम्या सिंह ने सत्र 2023-24 में एम.ए. मनोविज्ञान (साइकॉलॉजी) विषय में 78.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया था,उनकी इस शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए समारोह में उन्हें गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने की। गौरतलब है कि सौम्या सिंह चिरमिरी रेलवे स्टेशन प्रबंधक एस एन सिंह की ज्येष्ठ पुत्री हैं,उनकी इस उपलब्धि से परिवार एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है।

### रामनगर में श्री कृष्ण गोवर्धन कराह पूजा का 6 मार्च को

**बिश्रामपुर।** सर्व यादव समाज के तत्वावधान में ग्राम रामनगर के शक्ति चौक झिरगिमुड़ा में शुक्रवार छह मार्च को अमर देव बाबा श्री कृष्ण गोवर्धन (कराह) पूजा का आयोजन किया गया है।सर्व यादव समाज के बाबूलाल यादव ने कराह पूजन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को आयोजन में सहभागी बनने पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** गांजा ब्रिकी करने जा रहे स्कूटी सवार दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार



को क्षेत्र में गश्त कर रही गांधीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि स्कूटी सवार दो युवक बड़ी मात्रा में गांजा लेकर ब्रिकी करने जा रहे है। सूचना पर पुलिस ने बनारस चौक की ओर से डिगमा जा रहे स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीजे 4318 सवार दोनों युवकों को संदेह के आधार पर रोका। पुलिस ने अजिरमा नेपालीपारा के झारसुगुडा उड़ीसा निवासी दिनेश थापा आ. श्याम थापा (35 वर्ष) झारसुगुडा उड़ीसा निवासी विक्की तामंग आ. चंद्रा तामंग (21 वर्ष) से पूछताछ की तो दोनों पुलिस को गुमराह करने लगे। जब पुलिस ने स्कूटी की डिक्की की तलाशी ली तो डिक्की से 1 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया। पुलिस ने स्कूटी व गांजा को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर दोनों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, मासूम समेत चार घायल



**सोनगरा।** दोस्त मे साथ बाइक से बहन व दो मासूम भांजा को छोड़ने जा रहे बाइक सवार को पेट्रोल पंप के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में शोक व आक्रोश का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार ग्राम सुखरी निवासी लालजीत यादव ग्राम कोरंधा निवासी बहन व दो भांजे को अपने साथ के साथ बाइक से जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 15 डीजेड 7157 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई जबकि लालजीत यादव ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना में बहन, एक अन्य साथी तथा दोनों मासूम भांजे घायल हो गए। घायलों को तत्काल सोनगरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में इलाज जारी है। इधर घटना की जानकारी लगने पर पुलिस टीम मौके पहुंची और आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की। ट्रैक्टर चालक व ट्रैक्टर का तलाश जारी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार और लापरवाह वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## पेज 1 के शेष...

### संजय वन वाटिका में बार्किंग डियर...

हैं तथा सुरक्षित बाड़े में आवश्यक देखभाल प्रदान की जा रही है। नवजात शावक सक्रिय है और माता के साथ स्वाभाविक व्यवहार प्रदर्शित कर रहा है। संजय वन वाटिका में वन्यजीवों के लिए प्राकृतिक एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने हेतु संतुलित आहार, स्वच्छ जल, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं समुचित सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। सरगुजा वन मण्डल आम नागरिकों से आह्वान किया है कि वन्यजीव संरक्षण में सहयोग प्रदान करें तथा वन क्षेत्र एवं वाटिका में अनुशासन एवं शांति बनाए रखें।

### सरगुजा में शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में आया व्यापक बदलाव, मेडिकल कॉलेज भवन तैयार नहीं पर जताई चिंता

# अवैध उत्खनन एवं अतिक्रमण के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों और समस्याओं को हरिभूमि आईएनएच द्वारा जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधान प्रधान सम्पादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी और आईएनएच ब्यूरो हेड शैलेश पाण्डेय ने जिले कैबिनेट मंत्री, सांसद विधायक, महापौर के साथ ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा की।**

## हम पर्यटन के क्षेत्र में करेंगे और काम : कलेक्टर वसंत




कलेक्टर अजीत वसंत से हरिभूमि आईएनएच के प्रधान सम्पादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने जिले की प्राथमिकताओं, प्रशासनिक स्थिति, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण सहित चुनौतियों को लेकर सवाल किए। इस दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि सरगुजा एक प्रतिष्ठित जिला है और यहां शासन की योजनाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों का सहयोग हमेशा मिलता है। सरगुजा में खनन एक ज्वलंत मुद्दा है, शासकीय भूमि का संरक्षण एक चुनौती है। मैनपाट को अच्छे अवसर के रूप में देखता हूँ। मैनपाट में पर्यटन की अपार संभावनाएं है। हम पर्यटन के क्षेत्र में और काम करेंगे। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के लिए शासकीय भूमि आवश्यक होती है इसलिए इनका संरक्षण आवश्यक है। जहां तक निजी भूमि की बात है तो यदि कोई किसी की जमीन को प्रक्रिया के विपरीत लेने का प्रयास करेगा तो उसपर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यातयात को लेकर कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि रोड किनारे खड़ी गाड़ियों पर पुलिस विभाग कार्रवाई कर रही है। जहां तक टीपी नगर की बात है तो अब वर्तमान परिदृश्य में टीपी नगर के लिए नए स्थल का चिन्हांकन करना पड़ेगा। यातायात व्यवस्था को लेकर आम जनता में भी जागरूकता होगी चाहिए। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कलेक्टर ने कहा कि शासन से सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के लिए 50 करोड़ रूपए मिल चुके है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी योजनाओं की निगरानी नियमित रूप से की जा रही है। पीएम आवास हमारा प्राथमिक लक्ष्य है, ग्रामीण क्षेत्र प्रशासन की प्राथमिकताओं में रहता है। शासन की योजनाओं को दूरस्थ अंचल तक पहुंचाना एक चुनौती रहता है लेकिन जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सभी काम हो रहे है। पहाड़ी कोरवा बसाहटों में सड़कें बन रही है। अवैध खनन को लेकर कलेक्टर ने कहा कि रेत, कोयला, बाक्साईड के अवैध खनन की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाती है। पुलिस विभाग ने कोयला खनन पर बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में शिक्षा का स्तर बेहतर है। युक्तियुक्त करण के बाद स्कूलों में शिक्षक उपलब्ध है। सुपर 30 के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बेहतर कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और हमारा प्रयास है कि कक्षा 9वीं, 10वीं के टॉप 50 बच्चों को बाहर भेजा जाए इसके लिए योजना बनाई जा रही है। सैनिक स्कूल के साथ ही प्रयास आवासीय विद्यालय, एकलव्य में भी बच्चों का चयन हो इसपर कार्य किया जा रहा है।

## सरगुजा का सभ्य समाज अपराधों से रहता है दूर : एसएसपी राजेश

एसएसपी राजेश अग्रवाल से हरिभूमि आईएनएच के प्रधान सम्पादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने जिले की कानून व्यवस्था, यातायात सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की। इस दौरान एसएसपी श्री अग्रवाल ने कहा कि सरगुजा का समाज सभ्य है और अपराधों से दूर रहने का प्रयास करता है। पूर्व की तरह यहां अपराधिक घटनाएं देखने को नहीं मिलती है। प्रदेश के अन्य जिलों में चाकूबाजी की घटनाएं होती है लेकिन यहां ऐसा नहीं है। सरगुजा में छोटे बच्चे नशे के कारण छोटी छोटी घटनाएं करते है और इसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है। हमने नशे के कारोबार को रोकने के लिए एंड टू एंड कार्रवाई करते हुए नशे का सामान सप्लाई करने वालों को भी गिरफ्तार करने का काम किया है। शहर में यातायात की समस्या को लेकर एसएसपी श्री अग्रवाल ने कहा कि यातयात व्यवस्था को दुरुस्त करने पर हमारा पूरा ध्यान है। सरगुजा में हर साल साढ़े चार हजार गाड़ियां बढ़ रही है। सरगुजा में नया बाईपास बन रहा है इससे यातायात का दबाव कम होगा। शहर में नो पार्किंग पर कार्रवाई की जा रही है। यदि टीपी नगर का निर्माण हो जाए तो यातायात का दबाव कम होगा। सरगुजा में पुलिस बल की स्थिति को लेकर एसएसपी श्री अग्रवाल ने कहा कि सरगुजा में 1097 के बदले 1027 का बल उपलब्ध है। हमारे यहां बल की कमी नहीं है। जरुरत पड़ने पर मुख्यालय से भी पुलिस बल मिल जाते है। जिले में 13 थाने और 5 चौकी उपलब्ध है। सरगुजा एक शांत जगह है यहां प्रेम करने वाले लोग रहते है यहां मतभेद हो सकता है लेकिन मनभेद नहीं है। मैनपाट में पर्यटन के लिए आने वाले लोगों को भी सुरक्षित माहौल देने के लिए हमारी ओर से प्रयास किए जा रहे है। इसके साथ ही जिले में युवाओं को नशे के चंगुल से निकालने के लिए कार्य चल रहा है और जगह जगह जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है।

## संवाद-2026 में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन सहित सामाजिक परिस्थितियों पर चर्चा

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर सरगुजा के विकास एवं समस्याओं पर केंद्रित हरिभूमि आईएनएच के संवाद 2026 के आयोजन शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक परिस्थितियों, पर्यटन विकास सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। सार्थक संवाद में शिक्षा, समाज सेवा, इतिहास से जुड़े लोगों ने भागीदारी की तथा विभिन्न मुद्दों पर बेबाकी से अपना पक्ष प्रस्तुत किया। आईएनएच के ब्यूरो शैलेश पाण्डेय ने विशेषज्ञों से विभिन्न विषयों पर सार्थक संवाद किया। विशेषज्ञों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, सामाजिक परिस्थितियों, पर्यटन एवं पूर्व एवं वर्तमान की स्थितियों में आए बदलाव पर विस्तार से चर्चा की।




### शिक्षा के क्षेत्र में आया व्यापक बदलाव : वर्मा

पीजी कॉलेज के रिटायर्ड प्राध्यापक वीके वर्मा ने शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में आए बदलावों पर विस्तार से चर्चा की तथा पूर्व की शिक्षा एवं चिकित्सा की तुलना में वर्तमान व्यवस्थाओं को पर्याप्त बताया। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा था जब सरगुजा के लोगों को उच्च शिक्षा के लिए अन्यत्र जाना पड़ता था। धीरे-धीरे सरगुजा में कॉलेज खुले और स्थानीय लोगों को अपने जिले के ही कॉलेज में पढ़ने की सुविधा मिलने लगी। वर्ष 1969 में अम्बिकापुर में पीजी कॉलेज खोला गया जहां आज 5 हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। रघुनाथ पैलेस की स्थापना होने के उपरांत अम्बिकापुर में सिविल सर्जन डा.घोष, डा.देश पाण्डेय, चिकित्सा की जिम्मेदारी संभालते थे। धीरे-धीरे तहसील एवं जिला मुख्यालय में अस्पताल खुले। अब अम्बिकापुर में मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहा। मेडिकल कॉलेज खुलने से अब रायपुर एवं दूसरे राज्यों में रोगियों को जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कुछ समय में मेडिकल कॉलेज का भवन भी बन जाएगा।

### पुरानी परंपरा जारी रहती तो होता तेज विकास : शर्मा

सरगुजा के इतिहासकार गोविंद शर्मा ने कहा कि रियासत काल में महाराज रामानुज शरण सिंहदेव ने शिक्षा स्वास्थ्य एवं कानून-व्यवस्था की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए थे। उन्होंने अम्बिकापुर एडवर्ड हाईस्कूल खोला एवं वर्ष 1905 में अपने दीवान को आदेश दिया कि वे लोगों को अपने बच्चों को स्कूल में एडमिशन के लिए प्रेरित करें। इससे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने उन्होंने इस्टर्न एवं वेस्टर्न सरगुजा के लिए अलग-अलग एसपी नियुक्त किया था साथ ही ब्रिटिश सरकार के एक रिटायर्ड अधिकारी को आईजी के पद पर नियुक्त किया था। तब एसपी सायकिल से भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते थे। पुलिस से बचने रात में सज्जन व्यक्ति जलती लालटेन लेकर चलते थे। जंगल का इलाका होने के बावजूद तब कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। यह परंपरा आज भी जारी रहती तो ऐसी स्थिति नहीं बनती। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल रामगढ़ से कई प्राचीन मूर्तियां गायब हो गई है।

### नशा के प्रति बढ़ रही जागरूकता : पाण्डेय

समाज सेवी मंगल पाण्डेय ने बताया कि एसएसपी राजेश अग्रवाल एवं एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के मार्गदर्शन में सामाजिक संगठन गांव से लेकर शहर तक नशा विरोधी अभियान चला रहे हैं। बदलते परिवेश में युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करने लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है साथ ही नशे की गिरफ्त में आए युवकों की काउंसलिंग की जा रही है। इस अभियान से युवाओं में नशे के प्रति काफी बदलाव आया है। पुलिस भी लगातार नशे के कारोबारियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है।

### जरूरत है सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की : टुटेजा

माता राजरानी मेमोरियल अस्पताल के संचालक नरेन्द्र सिंह टुटेजा ने कहा कि विगत 25 वर्षों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरगुजा में अमूल-चूल बदलाव आया है। अम्बिकापुर में स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में शहरी क्षेत्र में व्यापक विकास हुआ है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी स्थिति चुनौतीपूर्ण है। समेकित विकास की बात करें तो शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं अधिक बढ़ी है। मेडिकल कॉलेज का भवन अब तक नहीं बन पाया है तथा इसके शीघ्र बनने की उम्मीद है। सरगुजा में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनने से सरगुजा वासियों को काफी लाभ मिलेगा। आप स्वस्थ रहेंगे तभी विकास होगा।













## फल और सब्जी से हुए रंग तैयार, फ्लेवर्ड गुलाल बच्चों की खुशियां करेगा दोगुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बदलते वक्त के साथ अब होली त्यौहार भी बदलता जा रहा है। होली में अब केमिकल रंगों की जगह हर्बल कलर ने ले ली है। लोगों ने अब बदलते जमाने के साथ खुद को बदलने का फैसला किया है। इसके लिए हर कोई अब होली सुरक्षित तरीके से मनाना चाहता है। मध्यमवर्गीय परिवार के लोग भी ऐसे रंगों से होली खेलना चाहते हैं, जिनसे किसी तरह का कोई नुकसान न हो। इसी सोच को साकार करने का बीड़ा महिला स्व सहायता समूहों ने उठाया है।

वनांचल क्षेत्र पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड की महिला समूह ने हर्बल कलर का उत्पादन शुरु किया है। महिला समूह ने इसके लिए कंपनी बनाई है। जिसका नाम बुका महिला फार्मा प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड है। इस कंपनी के माध्यम से महिलाएं 10 से 20 टन गुलाल तैयार कर रही हैं। कंपनी में 10 हजार महिलाएं जुड़ी हुई हैं जबकि कुछ महिला शेयर होल्डर हैं। अन्य समूह के महिलाएं भी समिति से जुड़कर गुलाल का निर्माण कर रही हैं। महिलाएं हर्बल कलर तैयार करने के लिए सब्जी और फलों का इस्तेमाल कर रही हैं। महिला समूह ने बच्चों के लिए गुलाल में फ्लेवर भी ऐड किए हैं। जिससे यदि गुलाल गलती से बच्चों के मुंह में चला जाए तो उनका स्वास्थ्य ना बिगड़े। पूर्व में अलग-अलग महिला समूह गुलाल का निर्माण करते थे। इस बार संगठित तौर पर कंपनी के जरिए गुलाल का निर्माण हो रहा है। जिले के पांचों विकासखंड से आर्डर मिले हैं। ढाई टन ऑर्डर की आपूर्ति की जा चुकी है जबकि कई टन ऑर्डर की आपूर्ति करने का काम बचा है। होली के पहले इसे पूरा कर लिया जाएगा। एक ही स्थान पर संगठित तौर पर गुलाल का निर्माण करने से अधिक गुलाल का निर्माण हो रहा है। ठोस मार्केटिंग स्ट्रैटेजिक के जरिए गुलाल मार्केट में भी आसानी से सुलभ हो रहा है। महिलाओं के इस हर्बल गुलाल को खासा पसंद किया जा रहा है। हर्बल गुलाल काफी लोकप्रिय हुआ है। ऐसे में बुका महिला फार्मा प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जुड़ी महिलाएं होली से पहले ज्यादा से ज्यादा हर्बल गुलाल को तैयार कर रही हैं ताकि मार्केट में सभी लोग सेफ तरीके से होली मनाए।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह फरवरी 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 28 दिन | 5.00 | 140.00 |
| 28 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह फरवरी 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मार्च 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## हेल्थ प्लस

### आस्था मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल में मार्च माह भर मेडिसिन ओपीडी निःशुल्क

**अम्बिकापुर।** शहर के बंगाली चौक स्थित आस्था मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा जनहित में एक विशेष स्वास्थ्य अभियान की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत पूरे मार्च




महीने मेडिसिन विभाग की ओपीडी सेवा पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यह सुविधा प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इस दौरान किसी प्रकार की रजिस्ट्रेशन फीस या छुपा हुआ शुल्क नहीं लिया जाएगा। मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. इम्तियाज़ अली अहमद (एमबीबीएस, एमडी मेडिसिन) जिनके पास 10 से अधिक वर्षों का अनुभव है, मरीजों को परामर्श प्रदान करेंगे। शुगर, ब्लड प्रेशर, हृदय संबंधी समस्याओं सहित अन्य छोटी-बड़ी बीमारियों के लिए जांच एवं विशेषज्ञ सलाह उपलब्ध रहेगी। अस्पताल में मेडिसिन विभाग के अलावा स्त्री एवं प्रसूति रोग, आईवीएफ, हड्डी रोग, शिशु रोग, ईएनटी, कार्डियोलॉजी, ट्रामा एवं आपातकालीन सेवाएं सहित विभिन्न आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। अस्पताल प्रबंधन ने लोगों से कहा है इस विशेष अवसर का लाभ उठाकर समय पर स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
10 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411



सारे तीरथ बार बार... गंगा सागर एक बार
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्री जगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
28 मार्च, 2026
25 अप्रैल, 2026
16 मई, 2026
राशि स्लीपर ~~₹ 21,500/-~~ ऑफर ₹ 18,500/- 3AC ~~₹ 32,500/-~~ ऑफर ₹ 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
✆ 9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)